# भारतीय चाय बोर्ड

[स्रोत: बीएल](#)

भारतीय चाय बोर्ड ने रामसेशन समिति की प्रमुख सिफारिशों के आधार पर **भारत ऑक्शन मॉडल** के तहत देशव्यापी नीलामी नियमों में संशोधन किया है। इस पहल का उद्देश्य **मूल्य खोज (Price discovery)** को बेहतर बनाना और **चाय क्षेत्र में विक्रेताओं के हितों की सुरक्षा करना है।**

- **रामसेशन समिति की रिपोर्ट** चाय उद्योग में **मूल्य खोज और बाज़ार संरचना को बेहतर बनाने** से संबंधित है।
- **भारत ऑक्शन मॉडल** भारतीय चाय बोर्ड द्वारा शुरू किया गया एक **अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक नीलामी प्रणाली** है, जिसमें नीलामी शुरू होने से पहले बोली लगाई जाती है।

## भारतीय चाय बोर्ड: परिचय

- **स्थापना:** इसकी **स्थापना 1953 में हुई थी** और इसका **मुख्यालय कोलकाता में है**। इसके पूरे **भारत में 17 कार्यालय** हैं।
  - **इसके लंदन, मास्को और दुबई** जैसे विदेशी कार्यालय भी हैं।
- **सांविधिक निकाय:** इसकी स्थापना **चाय अधिनियम, 1953 की धारा 4 के तहत** की गई थी।
- **नियामक प्राधिकरण:** यह **चाय उत्पादकों, निर्माताओं, निर्यातकों, चाय दलालों, नीलामी आयोजकों और गोदाम रखवालों** सहित विभिन्न संस्थाओं को **नियंत्रित** करता है।
- **प्रकार्य:** यह **बाज़ार सर्वेक्षण, विश्लेषण, पहचान, उपभोक्ता व्यवहार पर नज़र रखता है** तथा **आयातकों और निर्यातकों** को **प्रासंगिक और सटीक जानकारी प्रदान करता है।**

## भारत में प्रमुख कृषि बोर्ड:

| बोर्ड | अधिनियम के तहत गठित | मुख्यालय |
|---|---|---|
| चाय बोर्ड | चाय अधिनियम, 1953 | कोलकाता |
| कॉफी बोर्ड | कॉफी अधिनियम, 1942 | बैंगलोर |
| रबर बोर्ड | रबर अधिनियम, 1947 | कोट्टायम, केरल |
| मसाला बोर्ड | मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 | कोच्चि, केरल |
| तंबाकू बोर्ड | तंबाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 | गुंटूर, आंध्र प्रदेश |
| राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड | वैधानिक निकाय नहीं | निज़ामाबाद, तेलंगाना |
| मखाना बोर्ड | - | बिहार (प्रस्तावित) |

**और पढ़ें:** [चाय उद्योग में सुधार की आवश्यकता](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tea-board-of-india-1